# समान नागरिक संहिता के पक्ष में उठी आवाज समान अधिकार और न्याय पर जोर

- कहीं समर्थन की आवाज, कहीं विरोध की दीवार

**इंदौर. इंदौर मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता यूसीसी के अध्ययन और क्रियान्वयन को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा शनिवार को इंदौर के जाल सभागृह में महत्वपूर्ण जनपरामर्श बैठक आयोजित की गई. बैठक का उद्देश्य यूसीसी के सामाजिक, कानूनी और प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, वकीलों, धार्मिक प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त करना था.**

कार्यक्रम में जहां बड़ी संख्या में लोगों ने 'एक देश, एक कानून' का समर्थन किया, वहीं मुस्लिम समाज के कुछ प्रतिनिधियों ने धार्मिक स्वतंत्रता और मुस्लिम पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप की आशंका जताते हुए विरोध दर्ज कराया.

बैठक में समिति के सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह, कानूनविद् अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बुधपाल सिंह उपस्थित रहे. इस दौरान इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे. समिति ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजन प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित यह समिति विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और पारिवारिक कानूनों से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रही है. समिति प्रदेशभर में जनसंवाद बैठकों के माध्यम से लोगों की राय लेकर अपनी अनुशंसाएं राज्य सरकार को सौंपेगी. नागरिक 15 जून 2026 तक



ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी अपने सुझाव भेज सकते हैं.

**देश में कानून एक होना चाहिए**- पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होना जरूरी है और सुप्रीम कोर्ट की मंशा भी यही रही है. जब देश में कानून एक है तो वह सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए. पूर्व विधायक गोपी कृष्ण नेमा ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का स्पष्ट उल्लेख है. धर्म और कानून को अलग-अलग रखना जरूरी है. व्यक्ति धर्म पालन के लिए स्वतंत्र है, लेकिन देश में कानून एक होना चाहिए.

**न्यायिक व्यवस्था सरल होगी**-उद्योगपति एवं समाजसेवी अनिल भंडारी ने कहा कि देश की प्रगति और राष्ट्रीय एकता के लिए यूसीसी जरूरी है. उनके अनुसार समान कानून लागू होने से न्यायिक व्यवस्था सरल होगी और विवाद कम होंगे. बाल कल्याण समिति के चेयरमैन धर्मेन्द्र पांडे ने विवाह की न्यूनतम आयु तय करने और पूरे देश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की जरूरत बताई. अनूप शुक्ला ने कहा कि कई देशों में सभी नागरिकों के लिए समान कानून लागू हैं. आदिवासी समाज समिति के देवेन्द्र सोलंकी ने कहा कि यदि यूसीसी लागू होता है तो अनुसूचित जनजातियों की परंपराओं और जमीन से जुड़े अधिकारों पर असर पड़ सकता है. उन्होंने आदिवासी समाज के विशेष अधिकारों और परंपराओं को सुरक्षित रखने की मांग की.

**इस्लाम में कानून के सम्मान की बात**-मुस्लिम समाज की ओर से मोइनुद्दीन रजवी ने कहा कि सभी समुदायों को धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है और यदि यूसीसी के जरिए मुस्लिम धार्मिक कानूनों में बदलाव की कोशिश हुई तो उसका विरोध किया जाएगा. मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि हाज़ी सद्दाम पठान ने कहा कि यदि उच्च न्यायालय और सरकार इस दिशा में काम कर रहे हैं तो उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है. इस्लाम भी देश के प्रति निष्ठा और कानून के सम्मान की बात करता है.

### गुरु नानक देव ने समानता का संदेश दिया

सिख समाज के प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह कलसी ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सदियों पहले समानता और मानवता का संदेश दिया था. उन्होंने महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार और सम्मान देने की बात कहते हुए यूसीसी का समर्थन किया. खजराना मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने कहा कि हर धर्म में महिलाओं को बराबर का हक मिलना चाहिए. धार्मिक परंपराएं अपने स्थान पर बनी रहें, लेकिन कानून सभी के लिए समान हों.

### राष्ट्रीय एकता के लिए जरूरी

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यूसीसी लागू होने को लेकर कोई संशय नहीं है, लेकिन इसे प्रभावी तरीके से लागू करना ज्यादा महत्वपूर्ण होगा. उन्होंने नियमों के उल्लंघन पर स्पष्ट दंड प्रावधान और धार्मिक संपत्तियों के संरक्षण के लिए स्पष्ट व्यवस्था बनाने की मांग की. विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि यदि देश में रहना है तो सभी के लिए समान कानून होना चाहिए. राष्ट्रीय एकता और समानता के लिए यूसीसी बहुत जरूरी है.

# भिंड के युवक की इंदौर में हत्या मामले में आरोपियों पर कस रहा शिकंजा

- भिंड-शिवपुरी में पुलिस टीमें मार रहीं ताबड़तोड़ छापे
- सीसीटीवी फुटेज से सामने आया पूरा प्लान
- वारदात से पहले आरोपियों ने की थी दिनभर रेकी
- डर के चलते आरोपियों के सरेंडर की अटकलें हुई तेज

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** लसूड़िया क्षेत्र में वायपास पर गुरुवार रात भिंड के युवक की गोली मारकर हत्या के बाद हरकत में आई पुलिस का शिकंजा आरोपियों पर लगातार कसता जा रहा है. जांच में साफ हुआ है कि हत्या की स्क्रिप्ट पहले ही लिखी जा चुकी थी और दिनभर की रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया गया था. सीसीटीवी फुटेज से पूरा प्लान सामने आने के बाद पुलिस ने भिंड और शिवपुरी में दबिश तेज कर दी है, जबकि बढ़ते दबाव और डर के बीच आरोपियों के सरेंडर की अटकलें भी तेज हो गई हैं.

पुलिस जांच में साफ हुआ है कि हमलावर वारदात से एक दिन पहले ही शहर में डेरा डाल चुके थे. उन्होंने अवितेंद्र की हर गतिविधि पर नजर रखी और सही मौके का इंतजार किया. सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी सुबह से इलाके में घूमकर रेकी करता दिखाई दिया है, जबकि बाकी साथी तय समय पर बाइक से पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. मुख्य आरोपी गुलशन यादव, गौरव जाट उर्फ डिल्लू और उनके साथी वारदात के बाद अलग-अलग रास्तों से फरार हो गए. पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बनाई हैं, जो भिंड और शिवपुरी में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं. क्राईम ब्रांच के सूत्रों के मुताबिक पुलिस का दबाव बढ़ने के चलते आरोपियों के जल्द सरेंडर करने की भी संभावना जताई जा रही है.

### 2024 के विष्णु यादव हत्याकांड का सुनियोजित बदला था यह हमला

जांच में यह भी सामने आया है कि हत्या महज अचानक हुआ हमला नहीं, बल्कि 2024 के विष्णु यादव हत्याकांड का सुनियोजित बदला था. उस घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था. समझौते की चर्चाएं भी चल रही थीं, लेकिन आरोपियों ने बदला लेने का मन बना लिया था. पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जब्त कर ली है. फुटेज के जरिए आरोपियों के मूवमेंट और भागने के रूट को खंगाला जा रहा है. साथ ही मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नेटवर्क खंगालने की कोशिश जारी है.

### मुख्य आरोपी पहले से ही है अपराधिक गतिविधियों में लिप्त

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुख्य आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं. खासकर गौरव जाट सोशल मीडिया पर हथियारों और अपने आपराधिक रिकॉर्ड से जुड़ी पोस्ट डालकर दहशत फैलाने की कोशिश करता था. पुलिस अब पूरे गैंग के नेटवर्क को खंगाल रही है, साथ ही पुलिस द्वारा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है.

# महिला का खिड़की से अश्लील वीडियो बनाया, व्हाट्सएप पर किया वायरल

इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में शर्मनाक वारदात सामने आई है. एक युवक ने पड़ोसी के घर की खिड़की से झांककर महिला का अश्लील वीडियो बना लिया और उसे व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया. विरोध करने पर आरोपी ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी. मामला ग्राम अंबा मोलिया का है. पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अभिजीत पिता दिलीप पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि आरोपी ने पहले उनके घर की रेकी की और मौका देखकर रात के समय बेडरूम की खिड़की से चोरी-छिपे झांकते हुए उसकी पत्नी का अश्लील वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया. वीडियो बनाने के बाद आरोपी ने उसे व्हाट्सएप पर लोगों को भेजकर वायरल कर दिया, जिससे पीड़ित परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची. जब इस हरकत का पता चलने पर परिवार ने विरोध किया, तो आरोपी ने उल्टा उन्हें धमकाना शुरू कर दिया. आरोपी ने पीड़ित परिवार को पुलिस में शिकायत न करने के लिए दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी. खुड़ैल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### गीता में कर्म, भक्ति और ज्ञान, तीनों का समन्वय : विपुल कृष्ण




**महू.** कोदरिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम शनिवार को सुदामा चरित्र की कथा एवं गुरु पूजन के साथ हुआ. अधिक मास के अवसर पर आयोजित इस कथा को बड़गोंदा के प्रसिद्ध भागवताचार्य पं. विपुल कृष्ण महाराज श्रवण करवा रहे थे. कथा के अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में भक्त कथा सुनने पहुंचे, सुदामा चरित्र सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि कृष्ण और सुदामा गुरुकुल के मित्र थे. कृष्ण ने सुदामा से मित्रता जीवन पर्यन्त निभाई, क्योंकि सुदामा ने गरीब होते हुए भी कभी कृष्ण से कुछ नहीं मांगा और कृष्ण ने बिन मांगे सुदामा को सर्वस्व दिया. भगवान ने संदेश दिया है कि मित्रता अमीरी-गरीबी नहीं देखती है, विश्वास का ही दूसरा नाम है मित्रता. महाराज जी ने गीता के विषय में बताया कि कर्म, भक्ति और ज्ञान तीनो का समन्वय है गीताजी, जिसने इस ग्रंथ को समझ लिया मानौ उसने भगवान कृष्ण को समझ लिया. कथा में सुदामा चरित्र का जीवंत चित्रण किया गया. उसके बाद फुलो की होली, व्यास पूजा, महाआरती के बाद कथा ने विश्राम लिया. व्यास पीठ का पूजन महेश यादव, गोविंद शर्मा, अनिमेष श्रीवास्तव, जीतू ठाकुर, विपुल जैन आदि ने किया.

### समाजसेवी प्रीति खंडेलवाल उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित

**महू.** इंदौर में आयोजित इनरव्हील क्लब के भव्य सम्मान समारोह में समाजसेवी प्रीति खंडेलवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में 304 की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता लोहानी एवं जिला अध्यक्ष विभा सिंह ने प्रीति खंडेलवाल द्वारा किए जा रहे प्रकल्पों एवं समाजहित के कार्यों की सराहना की. समारोह के दौरान प्रीति खंडेलवाल को पुरस्कार प्रदान कर उनके सेवा कार्यों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की गई. इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष फातिमा कुरैशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का संचालन रीता वर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन स्मिया बियानी द्वारा किया गया. समारोह में बड़ी संख्या में सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे.



### डिवाइडर तोड़ते हुए गार्डन में घुसी बेकाबू तेज रफ्तार कार



**महू.** शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे एक तेज रफ्तार थार कार अनियंत्रित होकर हरिफाटक चौराहे पर डिवाइडर से टकरा गई. कार डिवाइडर तोड़कर सीधे इंदिरा गांधी गार्डन में जा घुसी. यह पूरी घटना चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. हादसे के दौरान थार ने पास खड़ी एक अन्य कार को भी टक्कर मारी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के क्षेत्र में तेज आवाज सुनाई दी. घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए. देर रात होने के कारण सड़क पर भीड़ कम थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. स्थानीय निवासियों का कहना है कि हरिफाटक चौराहा और शहर के कई मुख्य मार्गों पर देर रात युवा तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं और रेस लगाते हैं. ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं.

# दोस्त से मिलने गया युवक गंभीर हालत में मिला, मौत

- एक अन्य मामले में ससुराल से लौटे युवक ने फांसी लगाई

इंदौर. शहर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले सामने आए हैं. एक युवक घायल हालत में मिलने के बाद अस्पताल में दम तोड़ गया, जबकि दूसरे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पहला मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है. सुविधि नगर निवासी 32 वर्षीय रोहित बरबेले रात में दोस्त से मिलने होटल जाने की बात कहकर घर से निकला था. देर रात वह गंभीर हालत में मिला और उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक की पत्नी निकिता ने हत्या की आशंका जताई है. उनका आरोप है कि रोहित के शरीर पर चोट और घसीटे जाने के निशान थे. बताया जाता है कि पटेल नगर इलाके में उसकी ऑल्टो कार के पास एक स्कोर्पियो सवार कुछ युवक घायल हालत में उसे छोड़कर फरार हो गए. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और कॉल डिटेल भी जांच में ली गई है.

### ससुराल से आने के बाद से तनाव में था युवक

दूसरा मामला सोलंकी नगर क्षेत्र का है, जहां 30 वर्षीय विनायक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वह हाल ही में मेघदूत नगर स्थित ससुराल से लौटा था और घर आने के बाद से ही तनाव में था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि आने के बाद विनायक सीधे अपने कमरे में चला गया और काफी देर तक बाहर नहीं आया. छोटे भाई ने जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दोनों मामलों में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा.

# छात्र सुसाइड केस : आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी पर केस दर्ज

- कॉल डिटेल और गवाहों के बयानों से खुली परतें
- धमकी और मानसिक प्रताड़ना से टूट गया था छात्र

**इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र में हुए छात्र सुसाइड केस में पुलिस जांच के बाद बड़ा खुलासा हुआ है. कॉल डिटेल और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है.**

मूल रूप से नर्मदापुरम जिले के बरेली गांव निवासी 24 वर्षीय ईश्वर पटेल इंदौर में रहकर पढ़ाई के साथ जॉब भी कर रहा था. 27 दिसंबर को उसने एमआईजी क्षेत्र स्थित जीवन धारा अपार्टमेंट के फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली और उसके दोस्तों व रूममेट्स के बयान दर्ज किए.

### सुसाइड से पहले पिपरिया के युवक से हुई थी लंबी बात

तकनीकी साक्ष्यों में सामने आया कि आत्महत्या से ठीक पहले ईश्वर और आरोपी देव पटेल (निवासी ग्राम सिंगोड़ी, थाना पिपरिया) के बीच लंबी बातचीत हुई थी. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि बातचीत के दौरान आरोपी ने ईश्वर को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी. गवाहों ने भी अपने बयानों में पुष्टि की कि आरोपी पिछले कुछ समय से मृतक को परेशान कर रहा था, जिससे वह तनाव में आ गया था. पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी देव पटेल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# चोरल में सबसे ज्यादा 46 गिद्ध, महू-रालामंडल में एक भी नहीं

- इंदौर में 12 और मानपुर में 4 गिद्ध मिले, सभी इजिप्शियन प्रजाति के
- ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 2026 : दूसरा दिन




नव भारत न्यूज

**इंदौर. वन मंडल में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना के दूसरे दिन 62 गिद्ध दर्ज किए गए. सभी गिद्ध इजिप्शियन प्रजाति के पाए गए हैं. सबसे अधिक 46 गिद्ध चोरल क्षेत्र में मिले, जबकि इंदौर में 12 और मानपुर में 4 गिद्ध दर्ज किए गए. वहीं, गणना के दौरान महू और रालामंडल क्षेत्र में एक भी गिद्ध नहीं मिला, जो चिंता का विषय माना जा रहा है.** वन विभाग के अनुसार, चोरल क्षेत्र गिद्धों के लिए सबसे अनुकूल आवास के रूप में सामने आया है. डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि इस बार की गणना में गिद्धों की मौजूदगी सीमित क्षेत्रों में केंद्रित पाई गई है. चोरल क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों के कारण संख्या अधिक है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कमी चिंताजनक है. विभाग द्वारा गिद्ध संरक्षण और उनके सुरक्षित आवास को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

# सेठी अस्पताल में मृत जुड़वां शिशु के साथ स्वस्थ बच्चे का जन्म

इंदौर. शासकीय सेठी अस्पताल में डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल प्रसव को सफलतापूर्वक संभाला. 37 वर्षीय महिला प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल पहुंची तो जांच में पता चला कि उसके गर्भ में जुड़वां बच्चे हैं, लेकिन एक शिशु की पांचवें महीने में ही गर्भ में मौत हो चुकी थी. दोनों भ्रूण एक ही थैली में थे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई थी.

डॉक्टरों ने जोखिम को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन का फैसला लिया. सर्जरी के जरिए दूसरे शिशु को सुरक्षित जन्म दिलाया. नवजात का वजन 3.750 किलो है और वह पूरी तरह स्वस्थ है. मृत भ्रूण कागज जैसी स्थिति में मिला. महिला पहले निजी अस्पताल में इलाज करा रही थी और पहली बार शासकीय अस्पताल पहुंची थी. सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि कठिन मामलों में भी सरकारी अस्पताल बेहतर काम कर रहे हैं. इस ऑपरेशन में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भटनागर, डॉ. स्वाति, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्याभ गहलोत के साथ नर्सिंग स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही.



# टूर पैकेज के नाम पर 2.26 लाख की ठगी

- बुकिंग के बाद शिमला पहुंचे पर्यटक, पर नहीं मिली कोई सुविधा
- तुकोगंज थाने में कोलकाता के युवक पर केस दर्ज

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में टूर पैकेज के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने मनाली और शिमला ट्रिप की बुकिंग लेकर पैसे ले लिए, लेकिन मौके पर कोई व्यवस्था नहीं कराई.

पुलिस के अनुसार, शिवशक्ति नगर में रहने वाले 22 वर्षीय गौरव त्रिवेदी निवासी शिवशक्ति नगर की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. शिकायत में बताया कि आरोपी अरिंदम डे निवासी कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से मनाली ट्रिप के लिए 8 लोगों का पैकेज 1,01,220 रुपए में तय किया था. इसके अलावा अमरनाथ यात्रा के लिए 7 लोगों का पैकेज 1,44,060 रुपए में हेलीकॉप्टर, होटल और गाड़ी की बुकिंग की बात हुई थी. पीड़ित ने 2,26,400 रुपए यूपीआई के माध्यम से आरोपी को ट्रांसफर किए. 15 मई 2026 को जब इंदौर से भेजी गई पार्टी शिमला पहुंची तो वहां न होटल की बुकिंग मिली और न ही गाड़ी की कोई व्यवस्था थी. इसके बाद खुद के साथ ठगी का एहसास हुआ. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.


## एक नजर में

### पीथमपुर की एएस पीईबी साल्यूशंस ने रचा इतिहास, जर्मनी की कंपनी के जरिये श्रीलंका भेजी पहली मशीन

# मेक इन इंडिया के विजन को धरातल पर उतार रहे दो युवा उद्यमी

**पीथमपुर.** औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क स्थित एएस पीईबी साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने मेक इन इंडिया अभियान के तहत एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. कंपनी ने अपने पीथमपुर प्लांट में निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली मशीन का पहला अंतरराष्ट्रीय निर्यात (एक्सपोर्ट) किया है. यह मशीन जर्मनी की प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी के माध्यम से श्रीलंका भेजी गई है. इस गौरवपूर्ण अवसर पर कंपनी परिसर में एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय डिस्पैच सेरेमनी का आयोजन किया गया.

क्षेत्र के लिए यह इसलिए भी गौरव का क्षण है क्योंकि बड़वाह और सिंहाणा के दो साधारण पृष्ठभूमि के युवाओं अ. शाहिर और सुभाष मालाकार ने कभी नौकरी से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी. अपनी कड़ी मेहनत और



विजन के दम पर आज उन्होंने उद्योगपति बनने तक का सफर तय किया है और देश की औद्योगिक प्रगति में एक मिसाल पेश की है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जर्मनी की प्रसिद्ध कंपनी हैवर एंड बोएकर प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं इंडिया हेड आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी कंपनी देश-विदेश की कई मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए काम करती है. करीब 15 वर्ष पूर्व मैं अ. शाहिर के कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी अनुभव और समर्पण से बेहद प्रभावित हुआ था. यही वजह रही कि हमने इस युवा कंपनी को सीमेंट फैक्ट्री की जटिल मशीनों के निर्माण का अवसर दिया. इस उत्कृष्ट कार्य से संतुष्ट होकर हैवर एंड बोएकर ने एएस पीईबी साल्यूशंस के साथ कई मशीनों का ऑर्डर फाइनल किया है.

### गरिमामय समारोह में ये रहे उपस्थित...

इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए एकेवीएन के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर एमसी रांका, प्रख्यात उद्योगपति मुस्ताक पटेल, हिफाजत अली, रवि तनवानी, गुलजार, सीमा मिश्रा, कोऑर्डिनेटर सुनील मिश्रा, पार्थ गोयल और दीपक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे.